NEWS CLIPPING: 09.05.2017

HINDUSTAN

वाईएमसीए का सीईईआरआई से करार

फरीदाबाद | कार्यालय संवाददाता

वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में अब अनुसंधान के क्षेत्र में तेजी आएगी।

दरअसल, वाईएमसीए ने वैज्ञानिक व औद्योगिक अनुसंधान परिषद् (सीएसआईआर) के केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग अनुसंधान संस्थान (सीईईआरआई), पिलानी के साथ समझौता किया है।

इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग तथा पारस्परिक हित के अन्य क्षेत्रों में संयुक्त रूप से अनुसंधान गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए इसे अंजाम दिया गया है। सीएसआईआर निदेशक डॉ. शांतनु चौधरी और वाईएमसीए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने सोमवार को समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए।

आयोजन

- अनुसंधान गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए इसे अंजाम दिया गया
- वाईएमसीए के कुलपति प्रो . दिनेश कुमार ने पत्र पर हस्ताक्षर किए

कुलपति ने कहा कि सीएसआईआर-सीईईआरआई देश के शीर्ष संस्थानों में से एक है। इनके सहयोग से वाईएमसीए विश्वविद्यालय की तकनीकी शिक्षा में बेहतर विकास होगा। इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग के विभागाध्यक्ष डॉक्टर मनीश वशिष्ठ ने कहा कि इस समझौते के बाद दोनों को बेहतर काम करने के अवसर ज्यादा मिलेंगे।

NEWS CLIPPING: 09.05.2017

DAINIK JAGRAN

वाईएमसीए विवि और पिलानी के बीच का हुआ समझौता

जासं, फरीदाबाद : तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने वैज्ञानिक व औद्योगिक अनुसंधान परिषद् (सीएसआईआर) के केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग अनुसंधान संस्थान (सीईईआरआई) पिलानी के साथ समझौता किया है।

समझौता ज्ञापन पर सीएसआईआर केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग अनुसंधान संस्थान, पिलानी के निदेशक डॉ. शांतनु चौधरी और वाईएमसीए विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. दिनेश कुमार ने हस्ताक्षर किए। इस दौरान कुलपति डॉ. दिनेश कुमार ने उच्चतर शिक्षा में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि सीएसआईआर-सीईईआरआई देश के शीर्ष संस्थानों में से एक है।

इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग के विभागाध्यक्ष डॉ. मनीश वशिष्ठ ने कहा कि यह समझौता दोनों संस्थानों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा क्योंकि दोनों संस्थानों के विद्यार्थियों व संकाय सदस्यों को परस्पर काम करने के अवसर मिलेंगे।

NEWS CLIPPING: 09.05.2017

DAINIK BHAKSAR

अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए वाईएमसीए का सीईईआरआई पिलानी से हुआ समझौता

फरीदाबाद| वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने वैज्ञानिक व औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) के केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग अनुसंधान संस्थान (सीईईआरआई) पिलानी के साथ इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग व पारस्परिक हित के अन्य क्षेत्रों में संयुक्त रूप से अनुसंधान गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए एक समझौता किया। समझौता ज्ञापन पर सीएसआईआर संस्थान पिलानी के निदेशक डा. शांतनु चौधरी व वाईएमसीए के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने हस्ताक्षर किए। सीएसआईआर-सीईईआरआई इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में देश का एक प्रतिष्ठित अनुसंधान संस्थान है। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने उच्चतर शिक्षा में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि सीएसआईआर-सीईईआरआई देश के शीर्ष संस्थानों में से एक है। वाईएमसीए विश्वविद्यालय तकनीकी शिक्षा में उत्कृष्टता लाने के लिए ऐसे पारस्परिक समझौतों के लिए निरंतर तत्पर है। इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग के विभागाध्यक्ष डा. मनीष वशिष्ठ ने कहा कि यह समझौता दोनों संस्थानों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। दोनों संस्थानों के विद्यार्थियों व संकाय सदस्यों को परस्पर काम करने के मौके मिलेंगे।

YMCA University of Science & Technology

(NAAC Accredited Grade 'A' State University)
Sector 6, Faridabad (HARYANA) – 121006

NEWS CLIPPING: 09.05.2017

AMAR UJALA

वाईएमसीए में तकनीकी शिक्षा में आएगी उत्कृष्टता

फरीदाबाद (ब्यूरो)। वाईएमसीए विश्वविद्यालय ने अनुसंधान गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए वैज्ञानिक व औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) के केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग अनुसंधान संस्थान, पिलानी के साथ इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग, पारस्परिक हित के लिए समझौता किया है। सीएसआईआर केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग अनुसंधान संस्थान पिलानी के निदेशक डॉ शांतनु चौधरी, वाईएमसीए विश्वविद्यालय के कुलपति दिनेश कुमार ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

कुलपति दिनेश कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय तकनीकी शिक्षा में उत्कृष्टता लाने के लिए पारस्परिक समझौतों के लिए निरंतर तैयार है। इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग के डॉ. मनीष वशिष्ठ ने कहा कि समझौते से परस्पर काम करने के अवसर मिलेंगे।